# प्रेस नोट

आज 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, कानपुर नगर के संयुक्त तत्वाधान द्वारा मर्चेंट चैंबर हॉल, सिविल लाइंस में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह थे तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय सिंह, निदेशक, चेस्ट हॉस्पिटल, कानपुर रहे।

कार्यक्रम के दौरान ओंकारेश्वर स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत तथा रक्तदान से संबंधित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसकी सभी उपस्थित लोगों ने अत्यंत सराहना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राथमिक चिकित्सा उपचार पर आधारित एक पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

मुख्य अतिथि का स्वागत सभापति डॉ. उमेश पालीवाल द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया तथा डॉ. संजय सिंह का स्वागत श्री अंगद सिंह द्वारा किया गया।

रेड क्रॉस के सचिव श्री आर. के. सफर द्वारा संस्था की विस्तृत आख्या प्रस्तुत की गई तथा कानपुर रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों की जानकारी लोगों को दी गई।

कार्यक्रम का संचालन उपसभापति डॉ. पूजा अवस्थी द्वारा किया गया।

अपने उद्बोधन में जिलाधिकारी महोदय ने सेवा कार्यों पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंद की सहायता करने से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए, यही हमारा धर्म और मानवता का संदेश है।

मर्चेंट चैंबर की हेल्थ एंड लाइफस्टाइल समिति के चेयरमैन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसाद ने कहा कि रेड क्रॉस विश्व की सबसे बड़ी मानव सेवा संस्था है तथा किसी भी प्रकार की आपदा में इसके वॉलिंटियर्स सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मर्चेंट चैंबर को इस बात की प्रसन्नता है कि सभी लोग मिलकर इस कार्यक्रम को मना रहे हैं।

धन्यवाद प्रस्ताव सभापति जी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर मानव सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले सरकारी एवं गैर-सरकारी व्यक्तियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में मर्चेंट्स चेंबर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंद्र मोहन रोहतगी, कौंसिल सदस्य टीकम चंद सेठिया, सदस्य शेष नारायण त्रिवेदी, लखन शुक्ला, रामप्रकाश मिश्रा, प्रवीण पांडेय, सीमा अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।